## पहलवान विनेश फोगाट का आरोपः बोली-बृजभूषण की टीम मुझे डोपिंग में फंसाने की तैयारी कर रही



झज्जर।

देश की इंटरनेशनल रेसलर विनेश फोगाट ने एक बार बृजभूषण पर आरोप लगाया कि नेशनल ट्रायल्स के दौरान पूर्व डब्लयूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण की टीम उन्हें डोपिंग में फंसने की तैयारी कर रही है। उन्होंने ट्रायल्स के दौरान हंगामा करने के आरोप पर सफाई देते हुए कहा कि मैंने कोई भी हंगामा नहीं किया था, बल्कि कमेटी के सदस्य ही लेट पहुंचे थे। वे जानबूझकर बात को घूमा रहे हैं और यह साजिश बृजभूषण शरण के कारण हो रही है। विनेश ने गुरुवार को सोनीपत में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन पर नेशनल ट्रायल्स के दौरान हंगामा करने के आरोप लगे थे। ओलिंपिक क्वालिफार के ट्रायल्स में विनेश ने दो वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया। वे 53किलो वर्ग में सेमीफाइनल हार गई, जबकि 50किलो में जीत हासिल की। विनेश के अलावा, बजरंग को भी हार का सामना करना पड़ा।

### बृजभषण नहीं चाहते कि मैं ओलंपिक जाऊं: विनेश

इस स्टार रेसलर ने कहा कि ओलिंपिक में मेडल जीतना मेरा सपना है, लेकिन बृजभूषण शरण और उसकी टीम अब मुझे डोप टेस्ट में फंसाने की तैयारी कर रही है। विनेश फोगाट ने कहा कि कुश्ती के ट्रायल में 19-20 तो सब जगह चलता है। बृजभूषण शरण नहीं चाहते कि मैं ओलिंपिक में जाऊं और ऐसे में अब उनकी पूरी टीम मुझे डोप टेस्ट में फंसा सकती है।

### डॉप टेस्ट के बाद गई थीं ट्रायल देने

विनेश ने हंगामे के सवाल पर बताया कि जब वे ट्रायल के लिए पहुंची तो कमेटी ने कहा कि आज 53 किलो भार में ट्रायल नहीं लिए जाएंगे। इसके बाद, उसने 50 किलोग्राम भार में अपनी तैयारी शुरू की और उसने कहा कि वह 50 किलो भार में ट्रायल देगी, लेकिन उसके बाद कोई भी चयनित कमेटी के सदस्य समय पर नहीं पहुंचे।जब कमेटी के सदस्य समय पर नहीं पहुंचे तो खिलाड़ी बार-बार उन्हें ट्रायल की बात कह रहे थे। विनेश बताती हैं कि वे खुद भी दो भार वर्ग की तैयारी कर रही थी। हालांकि, विनेश फोगाट 53 किलो भार वर्ग में चौथे नंबर पर रही। 50 किलोभार वर्ग में विनेश ने ओलिंपिक के लिए टिकट कटा लिया है। फोगाट ने कहा कि डोप टेस्ट के बाद ही ट्रायल देने आई थी।

### डेढ साल की मानसिक परेशानी बनी बजरंग के हार का कारण

पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि कुश्ती का भविष्य सुधारने और कुछ अच्छा करने के लिए हमने आंदोलन शुरू किया था और जब कुछ अच्छा करने के लिए कोई बैठता है तो परेशानी होती है। बजरंग पुनिया की ट्रायल में हार पर विनेश कहती हैं कि वे खुद पिछले डेढ़ साल से मानसिक रूप से परेशान चल रहे हैं। यही हार का मुख्य कारण है। विनेश फोगाट ने केंद्र सरकार से भी अपील की कि जल्द विवाद पर फैसला हो।

## मनीष नरवाल ने पैरा निशानेबाजी विश्व कप में दो रजत पदक जीते

नई दिल्ली

स्टार भारतीय पैरा निशानेबाज मनीष नरवाल ने बुधवार को यहां डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किये। नरवाल ने 236.7 का स्कोर किया और चीन के चाओ यांग (240.3) से पीछे रहे। कोरिया के जियोंगडू जो ने व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य (214.7) हासिल किया।

इस विश्व चैम्पियन पैरा निशानेबाज ने इसके बाद रुद्रांश खंडेलवाल और संजीव गिरी के साथ मिल कर पी1 पुरुष टीम 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। इससे पहले नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 574 अंक के साथ तीसरे स्थान पर थे। खंडेलवाल (564), गिरी (559) और सिंहराज (546) व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में पहुंचने में विफल रहे। दिन की अन्य स्पर्धाओं में आर सात वर्ग में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (एसएच1) श्रेणी के भारतीय निशानेबाज फाइनल (शीर्ष आठ) में जगह बनाने में असफल रहे। इसमें राकेश निदागुंडी क्वालिफिकेशन दौर में 14वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय रहे। आर आठ वर्ग में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (एसएच1) के लिए, भारतीय पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता अवनी लेखरा 418.6 के अंतिम स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। मोना अग्रवाल 407.9 के स्कोर के साथ उनसे एक स्थान नीचे रहीं।

# क्या आईपीएल का दूसरा फेज इंडिया से बाहर होगा..?

## बीसीसीआई की कोशिश पूरा टूर्नामेंट भारत में हो, यूएई बैकअप ऑप्शन

नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट कंटोल बोर्ड ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए आईपीएल को दो फेज में कराने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है, जो 22 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। वहीं दूसरे फेज का शेड्यूल चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद जारी होगा।

### बीसीसीआई की कोशिश है कि पूरा टूर्नामेंट में भारत में हो

बीसीसीआई कोशिश कर रहा है कि पूरा टूर्नामेंट में भारत में ही हो, हालांकि बैकअप के तौर पर यूएई को ऑप्शन में रखा है। एक बीसीसीआई अधिकारी ने कहा कि अभी पूरी उम्मीद है कि भारत में ही पूरा टूर्नामेंट हो। कुछ फ्रेंचाइजी बैकअप ऑप्शन के तौर पर यूएई को देख रही हैं। इसलिए वे खिलाड़ियों से पासपोर्ट भी मांग कर रही हैं।

हालांकि, बीसीसीआई ने अब तक किसी भी फ्रेंचाइजी से यूएई में आईपीएल कराने के बारे में बात नहीं की है। फ्रेंचाइजी अपने स्तर पर बैकअप के रूप में खिलाड़ियों से पासपोर्ट मांग रही हैं। बोर्ड उन्हें ऐसा करने से रोक भी नहीं सकता। जहां तक अधिकारियों के यूएई जाने की बात है तो वे आईसीसी मीटिंग के लिए वहां गए थे, जो गुरुवार और शुक्रवार को हुई।

मीडिया रिपोर्ट में दावा, यूएई में हो सकता है आईपीएल का दूसरा फेज

दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि आईपीएल का दूसरा फेज यूएई में हो सकता है। इसके लिए दो तर्क दिए जा रहे हैं।

**पहला**- बीसीसीआई के अधिकारियों का दुबई दौराः मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आईपीएल के दूसरे फेज को दुबई में कराने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इसके लिए बीसीसीआई अधिकारी दुबई गए हैं। वहीं इस सप्ताह आईसीसी की मीटिंग भी दुबई में हो रही है।

**दूसरा**- फ्रेंचाइजी ने खिलाड़ियों से पासपोर्ट मांगेः रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि कुछ आईपीएल फ्रेंचाइजी ने अपने खिलाड़ियों से पासपोर्ट मांगे हैं। ताकि दूसरा फेज देश से बाहर हो तो खिलाड़ियों को वीजा दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### 2014 और 2009 में भी विदेश में हुआ था टूर्नामेंट

यह पहला मौका नहीं है, जब आम चुनाव के कारण भारतीय लीग का शेड्यूल प्रभावित हो रहा है। इससे पहले 2019, 2014 और 2009 के सीजन में भी चुनाव को ध्यान में रखते हुए शेड्यूल जारी किया गया था।

2019 में चुनाव के बाद टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया गया था। जबकि, 2014 का आधा एडिशन यूएई में खेला गया। वहीं, 2009 में पूरा आईपीएल ही साउथ अफ्रीका में आयोजित कराया गया।

### पहले फेज में 21 मैच खेले जाएंगे

17वें सीजन का पहला फेज 22 मार्च से 7 अप्रैल के बीच खेला जाएगा। इस दौरान 17 दिन में 21 मैच खेले जाएंगे, इनमें 4 डबल हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) शामिल होंगे। ओपनिंग मैच 22 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा।

### आईपीएल चेयरमैन ने भारत में दोनों फेज कराने का किया था दावा

आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल ने पहले फेज का शेड्यूल जारी करने से पहले कहा था कि लोकसभा इलेक्शन को देखते हुए आईपीएल को दो फेज में कराया जाएगा। दूसरे फेज का शेड्यूल इलेक्शन कमेटी की ओर से चुनाव की तारीखें जारी करने के बाद किया जाएगा। धूमल ने कहा था कि दूसरा फेज भी भारत में ही होगा। इसे देश के बाहर नहीं करवाया जाएगा।


### एक तर्क ये भी सरकार नहीं चाहती कि देश के बाहर हो आईपीएल

आईपीएल को भारत में कराने को लेकर यह तर्क भी दिया जा रहा है कि वर्तमान सरकार नहीं चाहती है कि आईपीएल किसी भी हालत में भारत के बाहर हो। क्योंकि 2014 में जब लोकसभा चुनाव की वजह से इसे बाहर शिफ्ट किया गया था, तब विपक्ष में रही बीजेपी सरकार ने उस समय की कांग्रेस सरकार की आलोचना की थी और कहा था कि सरकार लोकसभा चुनाव और आईपीएल एक साथ कराने में सक्षम नहीं है।

बीजेपी ने कांग्रेसी सरकार के प्रशासनिक क्षमता पर सवाल उठाए थे। चूंकि इस बार सत्ता में बीजेपी की सरकार है। ऐसे में आईपीएल के देश के बाहर जाने पर विपक्षी पार्टियां बीजेपी सरकार की प्रशासनिक क्षमता पर सवाल उठा सकती है और उन्हें चुनाव से पहले एक मुद्दा मिल जाएगा। ऐसे में केंद्र सरकार चाहती है कि आईपीएल भारत में ही हो। अगर साउथ के राज्यों में चुनाव हो तो आईपीएल नॉर्थ या अन्य क्षेत्रों में कराए, जहां पर चुनाव न हो।

## रोहतक की रेसलर को पीएम मोदी का लेटर

### रीतिका को ओलिंपिक के लिए शुभकामनाएं दी, अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाली पहली पहलवान



रोहतक।

हरियाणा के रोहतक की अंतरराष्ट्रीय पहलवान रीतिका को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र लिख कर शुभकामनाएं दी हैं। वह मूलरुप से गांव खरकड़ा की रहने वाली है और हाल में अस्थल बोहर में रह रही है। रीतिका अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान है। उसका पेरिस ओलिंपिक के लिए चयन हुआ है।

पीएम मोदी ने अपने पत्र में लिखा है कि बेटी हर भारतीय की उम्मीद तुमसे है और उनकी शुभकामनाएं तुम्हारे साथ हैं। पेरिस ओलिंपिक के मंच पर तुम्हारी प्रतिभा के प्रदर्शन का दुनिया बेसब्री से इंतजार कर रही है।

### 2015 में शुरू किया अभ्यास

रीतिका के पिता आर्मी से रिटायर्ड जगबीर हुड्डा ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा रोहित हुड्डा आर्मी में हैं और कुश्ती के खिलाड़ी रहे हैं। वहीं छोटी बेटी रीतिका ने वर्ष 2015 में कुश्ती खेलना आरंभ किया था। उस समय रीतिका 9 वीं कक्षा में थी। रीतिका रोहतक के चौ. छोटूराम स्टेडियम में अभ्यास करती है। अपनी मेहनत के बदौलत रीतिका ने करीब 9 साल में अनेक उपलब्धियां हासिल की।

## यूएई में हो सकते हैं भारत के चैंपियंस ट्रॉफी मैच : टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर संशय; एशिया कप के लिए भी वहां नहीं गई थी

दुबई।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पाकिस्तान में होगी। भारत के यहां मैच खेलने पर फिर संशय है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) इसे एशिया कप की तरह 'हाइब्रिड मॉडल' पर करा सकता है।

आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने क्क्षद्ब से कहा, यदि भारत सरकार टीम इंडिया को पाकिस्तान भेजना नहीं चाहती तो, आईसीसी वहां के बोर्ड पर दबाव नहीं बना सकती है। उसे विकल्प तलाशना होगा। फिलहाल दुबई में आईसीसी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग चल रही है। यह विषय मीटिंग के एजेंडे में शामिल नहीं है, लेकिन मीटिंग के इतर मेंबर्स के बीच इस पर चर्चा हो सकती है।

### भारत के कहने पर एशिया कप के मैच श्रीलंका में हुए थे

पिछले साल भी एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी। तब भी भारत के वहां नहीं जाने पर यह टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' पर हुआ था। भारत के मुकाबले श्रीलंका में कराए गए थे। कोलंबो में हुए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर चैंपियनशिप जीती थी।




### शाह से आश्वासन लेने की कोशिश करेगा पाकिस्तान बोर्ड

चैंपियंस ट्रॉफी पर बातचीत आईसीसी की बैठक के एजेंडे में नहीं है, लेकिन पीसीबी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वे बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी के शीर्ष अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा कि भारतीय बोर्ड टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा, लेकिन यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्र ने यह भी कहा कि यह एशिया कप जैसा उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट नहीं, बल्कि वैश्विक टूर्नामेंट है। लिहाजा भारत सरकार नरम रुख अपना सकती है।

### टीम इंडिया को वहां ज्यादा खतरा

पाकिस्तान जाने के सवाल पर बीसीसीआई के पूर्व पदाधिकारी ने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या इंग्लैंड की तुलना में भारतीय क्रिकेट टीम को खतरे की संभावना अधिक है। दरअसल, भारत और पाकिस्तान के रिश्ते अभी ठीक नहीं है। पाकिस्तान में बैठे आतंकियों का निशाना भारत पर ही रहता है। ऐसे में भारत के खिलाड़ियों को पाकिस्तान में आतंकियों से खतरा हो सकता है। पाकिस्तान में श्रीलंका क्रिकेट टीम पर आतंकी हमला हो चुका है। हालांकि, इस हमले में कोई भी प्लेयर या सपोर्ट स्टाफ हताहत नहीं हुआ था।

## भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने पैरा विश्व कप में टीम स्वर्ण जीता

भारत ने मंगलवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के चौथे दिन मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल स्टैंडर्ड (एसएच1) टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह मौजूदा विश्व कप में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक हैं। रुद्रांश खंडेलवाल (364), आकाश (346) और संदीप कुमार (340) की टीम 1050 के कुल स्कोर के साथ दक्षिण कोरिया (1037) से आगे रही, जबकि चीन (1019) तीसरे स्थान पर रहा। इसी श्रेणी के व्यक्तिगत वर्ग में, रुद्रांश को कोरिया के किम जुंगनाम के साथ बराबरी पर रहने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहली बार डब्ल्यूपीएल के फाइनल में : डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को 5 रन से हराया; एलिस पेरी की फिफ्टी



नई दिल्ली।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग के सीजन-2 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली टीम ने पिछले साल की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 5 रन से हराया। बेंगलुरु की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। टीम 17 मार्च को खिताबी मुकाबले में होम टीम दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 130 रन ही बना सकी।

### बेंगलुरु ने 20 रन पर गंवाए 2 विकेट, पेरी का अर्धशतक

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बेंगलुरु टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 20 रन पर दो विकेट गंवा दिए। ओपनर स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन 10-10 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। यहां से एलिस पेरी ने 66 रन की अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ऋचा घोष ने 14 रन बनाए। बाकी बैटर्स कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकीं। मुंबई की ओर से हैली मैथ्यूज, नैटली सीवर-ब्रंट और साइका इशाक ने 2-2 विकेट लिए।

### फेल रहा मुंबई का टॉप ऑर्डर, कप्तान का विकेट टर्निंग पॉइंट

136 रन का टारगेट चेज करने उतरी मुंबई इंडियंस टीम का टॉप ऑर्डर फ्लॉप रहा। टीम ने 27 रन पर पहला विकेट गंवाया। यास्तिका भाटिया 19 और हेली मैथ्यूज 15 रन बनाकर आउट हुईं। मिडिल ऑर्डर में नैट सीवर-ब्रंट ने 23, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 और अमीलिया केर ने नाबाद 27 रन बनाए। तीनों को अच्छी शुरुआत मिली लेकिन कोई भी प्लेयर टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकी। बेंगलुरु से ऑफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने 2 विकेट लिए। एक-एक सफलता एलिस पेरी, सोफी मोलेनिक्स, जॉर्जिया वेयरहम और आशा शोभना को मिली।

# श्रीलंका ने 3 विकेट से जीता दूसरा वनडे : बांग्लादेश के खिलाफ पथुम निसांका का शतक; सीरीज 1-1 से बराबर, डिसाइडर 18 मार्च को

श्रीलंका ने बांग्लादेश को दूसरे वनडे में 3 विकेट से हरा दिया। चट्टोग्राम में बांग्लादेश ने 7 विकेट पर 286 रन बनाए। श्रीलंका ने 47.1 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। श्रीलंका से ओपनर पथुम निसांका ने 114 रन बनाए और अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचाया।

दूसरे वनडे में जीत के साथ श्रीलंका ने 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। दोनों टीमों के बीच सीरीज का तीसरा और आखिरी वनडे 18 मार्च को चट्टोग्राम में ही खेला जाएगा।

### बांग्लादेश की शुरुआत खराब, लिट्टन पहले ओवर में आउट

जहुर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही, टीम ने पहले ही ओवर में लिट्टन दास का विकेट गंवा दिया। लिट्टन खाता भी नहीं खोल सके। उनके बाद सौम्य सरकार और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने टीम को 50 रन के पार पहुंचाया।

शांतो 40 रन बनाकर आउट हुए और उनकी सौम्य के साथ 75 रन की पार्टनरशिप टूटी। सरकार ने फिर तौहीद हृदॉय के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। वह 68 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 55 रन की साझेदारी टूटी।

### सेंचुरी बनाने से चूके हृदॉय

130 रन के स्कोर पर 3 विकेट गिरने के बाद हृदॉय एक एंड पर टिक गए। उनके सामने मुशफिकुर रहीम 25, मेहदी हसन मिराज 12 और तंजिम हसन साकिब 18 रन बनाकर आउट हो गए।

तस्कीन अहमद 10 बॉल में 18 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। उनके सामने हृदॉय ने 102 बॉल पर 96 रन बनाए। उन्होंने पारी में 3 चौके और 5 सिक्स लगाए। टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 286 रन बनाए।

### हसरंगा को 4 विकेट

श्रीलंका के लिए लेग स्पिनर वनिंदू हसरंगा ने 10 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट झटके। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। वह 6.4 ओवर ही गेंदबाजी कर सके, उन्हें 7वें ओवर में बॉलिंग करने में दिक्कत हुई, जिस कारण जनिथ लियानागे ने उनका ओवर कम्प्लीट किया। श्रीलंका से एक सफलता प्रमोद मदुशन को भी मिली।

### श्रीलंका की भी शुरुआत खराब

287 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की भी शुरुआत खराब रही। ओपनर अविष्का फर्नांडो खाता खोले बगैर पहले ही ओवर में आउट हो गए। उनके बाद कप्तान कुसल मेंडिस 16 और सदीरा समरविक्रमा भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। टीम ने 43 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए।

### असलंका और निसांका ने की सेंचुरी पार्टनरशिप

पहले पावरप्ले में 3 विकेट गंवाने के बाद ओपनर पथुम निसांका और चरिथ असलंका ने संभलकर बैटिंग की। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। दोनों ही प्लेयर्स ने अपनी-अपनी फिफ्टी पूरी कर सेंचुरी पार्टनरशिप की और स्कोर 150 रन के भी पार कर दिया।

### निसांका का शतक, असलंका सेंचुरी चूके

निसांका ने सेंचुरी लगाई और टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंच गया। वह 114 रन बनाकर मेहदी हसन मिराज का शिकार हुए और दोनों के बीच 185 रन की साझेदारी टूटी। उनके बाद असलंका भी 91 रन बनाकर आउट हो गए। टीम ने 235 रन के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए।

आधी टीम पवेलियन लौटने के वक्त श्रीलंका को 12 ओवर में 52 रन ही चाहिए थे। तभी जनिथ लियानागे 9 और वनिंदू हसरंगा 25 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि दुनिथ वेल्लालागे ने 16 बॉल पर 9 रन बनाए और टीम को जीत के पार पहंचा दिया।

### शोरिफुल-तस्कीन को 2-2 विकेट

बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम और तस्कीन अहमद ने 2-2 विकेट लिए। वहीं एक-एक सफलता तंजिम हसन साकिब, मेहदी हसन मिराज और तैजुल इस्लाम को भी मिली।

### सीरीज डिसाइडर 18 मार्च को

दूसरे वनडे के नतीजे के बाद 3 मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो चुकी है। तीसरा मैच 18 मार्च को चट्टोग्राम में ही खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेली जा रही है। टी-20 सीरीज श्रीलंका ने 2-1 से जीती थी। वहीं 2 मैचों की टेस्ट सीरीज 22 मार्च से शुरू होगी।

